दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शनिवार 18 मई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-225

## महत्वपूर्ण एवं खास

### रूसी सेना ने 21 विदेशी टोही विमानों का पता लगाया

**मास्को ।** रूसी सेना ने गत सप्ताह के दौरान 21 विदेशी लड़ाकू विमानों को चिह्नित किया है जो रूसी हवाई क्षेत्र के पास टोही अभियान चला रहे थे। रूसी सशस्त्र बलों के आधिकारिक समाचार पत्र क्रासनाया जवेज्दा की ओर से शुक्रवार को प्रकाशित साप्ताहिक रिपोर्ट में इस आशय की जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक विदेशी विमानों को रूसी हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए पिछले सप्ताह रूसी लड़ाकू जेट विमानों को छह बार उड़ान भरनी पड़ी। डाटा के मुताबिक इस दौरान किसी प्रकार का उल्लंघन नहीं किया गया था।


### खेत मे लगी तारबाड़ी के करंट से 2 बच्चों की मौत

**महोबा(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र के पलका गांव में गुरुवार को अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली के लिए खेत मे लगाई गई तारबाड़ी में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर दो बच्चों की मौत हो गई है। मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के दो बच्चे रवि (12) और उसका फुफेरा भाई अमन (10) निमंत्रण में अपने परिजनों के साथ पलका गांव आए थे। सुबह हैंडपम्प में नहाने के बाद जैसे ही पानी से भीगे कपड़े खेत में लगी तारबाड़ी में डाला दोनों करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। खेत में तारबाड़ी किसान विनोद नामदेव ने अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली के लिए लगाई थी और उसमें बिजली का करंट प्रवाहित कर दिया था। विनोद के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पोस्टमॉर्टम कराने के बाद दोनों शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, सात लोगों की मौत

**देवरिया (आरएनएस)।** देवरिया जिले के खुखुंडू क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार सभी सात लोगों की मृत्यु हो गई। मृतकों में पांच देवरिया और एक-एक गोरखपुर व बिहार के सिवान के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार मध्यरात्रि के बाद खुखुंडू क्षेत्र के बरौना चौराहे पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि गंभीर रुप से घायल चार व्यक्तियों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों में शशांकमणि (30) अच्छेलाल (52) अनिल श्रीवास्तव (52) चंद्रेश सिंह (60) रामेश सिंह (21) संतोष (21) और ओम प्रकाश (45) शामिल हैं। सभी शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कदावूर शिवादासन का 87 साल की उम्र में निधन



**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता कदावूर शिवादासन का सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 87 वर्ष के थे और उनका निमोनिया का उपचार चल रहा था। चार बार विधायक रह चुके शिवादसन के. करुणाकरन और ए.के एंटनी के कैबिनेट में मंत्री थे। अपने गृह जिले कोल्लम से एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत करने वाले शिवदासन 1980 और 1982 में रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस का रुख किया और पार्टी के टिकट पर 1991 और 2001 के चुनाव में जीत दर्ज की। 2006 में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते शिवादसन ने राजनीति से संन्यास ले लिया था।

# पीएमओ ने खाली पड़े सरकारी पदों का मांगा डाटा

**नई दिल्ली (आरएनएस)। विपक्ष लगातार मोदी सरकार पर पिछले पांच सालों में आरोप लगाता रहा है कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है। जिनके पास नौकरियां थी वह भी बेरोजगार हो गए। रोजगार के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं।**

**रोजगार पर सवाल : सभी मंत्रालयों को सर्कुलर जारी**




लगातार लग रहे आरोपों को लेकर पीएमओ ने सख्त कदम उठाया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सरकारी कर्मचारियों को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में खाली पड़े पदों का डेटा इकट्ठा करने के काम पर लगा दिया है। पीएमओ ने यह कदम विपक्ष के उन आरोपों के बाद उठाया है जिसमें कहा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी की सरकार नए रोजगार के मौकों का सृजन करने में तो असफल रही ही है, साथ ही वर्तमान में खाली पड़े सरकारी पदों पर भी नियुक्ति नहीं की जा रही हैं।

इन दिशा-निर्देशों के परिणाम स्वरूप मंत्रालयों और विभागों ने आतंरिक सर्कुलर जारी किया है जिसमें खाली पदों की संख्या, स्वीकृत पद और रिक्तियों के प्रतिशत की सूचना मांगी गई है। इसको लेकर तीन मई को रक्षा मंत्रालय के अवर सचिव फणी तुलसी ने एक सर्कुलर जारी किया है। जिसके अनुसार वित्त मंत्रालय को सूचित किया गया है कि जल्द ही इस संबंध में पीएमओ द्वारा एक बैठक की जाएगी जिसमें विभिन्न विभागों में खाली पदों पर चर्चा होगी। 30 अप्रैल 2019 तक खाली विभिन्न पदों के बारे में जानकारी मांगी गई है। इसी बीच सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा जिन्होंने एनएसएसओ जॉब डाटा को लेकर सरकार का बचाव किया था उन्होंने गुरुवार को कहा, प्रधानमंत्री चुनाव में व्यस्त हैं। मुझे नहीं लगता कि ऐसी कोई कोशिश हो रही है। मेरे मंत्रालय में करीब 6,000 कर्मचारी हैं। मैंने ऐसा कोई सर्कुलर नहीं देखा है। केंद्र सरकार कर्मचारी संघ केकेएन कुट्टी ने कहा, पिछले पांच सालों के दौरान इस सरकार ने हमसे कोई संचार नहीं किया है। आरएनएस के अनुसार इस सरकार के अतंर्गत पहली राष्ट्रीय परिषद की बैठक 13 अप्रैल को तब हुई जब चुनावों की घोषणा हो गई। वह उस एजेंडा पर बातचीत करना चाहते हैं जो हमने उनके सत्ता में आने के समय पर भेजा था। रिक्तियों के संबंध में उन्होंने कहा कि दो परेशानियां हैं। पहला कर्मचारी चयन आयोग को रिक्तियों की संख्या के बारे में विवरण नहीं देने के लिए एक ठोस प्रयास हो रहे हैं। दूसरा एसएससी इस स्थिति में नहीं है कि वह आवश्यक संख्या में लोगों की भर्तियां कर सके।

## सीबीआई ने अदालत से बोफोर्स की दोबारा जांच करने की मांगी इज़ाज़त

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई ने ट्रायल कोर्ट से बोफोर्स की दोबारा जांच करने की इजाज़त मांगी है. बता दें कि इस मामले में सीबीआई ने आगे की जांच करने के लिए रोज़ एवेन्यू कोर्ट, नई दिल्ली में आवेदन करके अनुमित मांगी थी. पर कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अनुमति लेने की ज़रूरत नहीं है बल्कि कोर्ट को सूचना दे देना ही काफी है.



दरअसल, कि बोफोर्स कांड का खुलासा 1987 में हुआ था. इसमें तत्कालीन राजीव गांधी सरकार के ऊपर स्वीडने की कंपनी बोफोर्स को भारतीय सेना को तोपें सप्लाई करने के लिए 64 करोड़ रुपये की दलाली लेने का आरोप लगाया गया था. इसके बाद राजीव गांधी की सरकार गिर गई थी। कथित रूप से स्वीडन के रेडियो ने सबसे पहले 1987 में इसका खुलासा किया था. आरोप था कि राजीव गांधी परिवार के नजदीकी बताए जाने वाले इतालवी व्यापारी ओत्तावियो क्वात्रोक्की ने इस मामले में बिचौलिये की भूमिका अदा की, जिसके बदले में उसे दलाली की रकम का बड़ा हिस्सा मिला. कुल चार सौ बोफोर्स तोपों की खरीद का सौदा 1.3 अरब डालर का था. आरोप है कि स्वीडन की हथियार कंपनी बोफोर्स ने भारत के साथ सौदे के लिए 1.42 करोड़ डॉलर की रिश्वत बांटी थी.

## वित्त आयोग और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों की हुई बैठक




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्रालय ने समग्र आर्थिक स्थिति और प्रमुख आर्थिक परिवर्तनों के बारे में कल वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों अजय नारायण झा, डॉ. अनूप सिंह के अलावा वित्त मंत्रालय की ओर से वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग, राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय, व्यय सचिव गिरीश चंद्र मुर्मू, प्रमुख आर्थिक सलाहकार डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यम, सीबीडीटी के अध्यक्ष पीसी मोदी, सीबीआईसी के अध्यक्ष पी. के. दास और वित्त मंत्रालय तथा वित्त आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया।

आयोग ने यह पाया कि समग्र वैश्विक रुख के तहत सकल घरेलू उत्पाद संख्या में कुछ हद तक उतार-चढ़ाव हुआ है, जो मध्यम अवधि में लगातार उच्च विकास के रुख को दर्शाता है। आयोग ने यह भी कहा कि प्रत्यक्ष करों के बारे में राजस्व अनुमान बहुत अच्छे हैं, जबकि अप्रत्यक्ष करों के बारे में आवधिक उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। व्यय रुख के संबंध में नए जीवन चक्र के साथ केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं को युक्तिपूर्ण बनाने के संबंध में भी विचार-विमर्श हुआ। इस चर्चा में परस्पर सहमति रही।

विशेष रूप से राज्यों के वित्त के संदर्भ में 'उदय' और 7वें वेतन आयोग के परिणामों के मुद्दों पर वित्त मंत्रालय के साथ पिछले कुछ महीनों के दौरान विस्तृत विचार-विमर्श जारी है।

वित्त मंत्रालय ने आयोग के विचारणीय वित्तीय संदर्भ की शर्तें के बारे में सरकार के कुछ प्रारंभिक विचारों की जानकारी दी। पिछले 5 वर्षों में आर्थिक विकास का विश्लेषण प्रगति, निवेश, औद्योगिक उत्पादन, बैंकिंग और भुगतान, मुद्रास्फीति और मौद्रिक नीति, बाह्य क्षेत्र, मध्यम अवधि आउटलुक पर विशेष ध्यान देते हुए विस्तार से विश्लेषण किया गया। मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग की अवार्ड अवधि 2020-21 से 2024-25 के लिए अपने पूर्वानुमानों के साथ-साथ 2018-19 और 2019-20 के लिए मंत्रालय के पूर्वानुमानों की भी आयोग को जानकारी दी।


## फतेहपुर का बाजार हुआ जलमग्न

**सीकर (आरएनएस)।** राजस्थान में सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी और आसपास गांवों में तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात करीब दो बजे तेज हवा के साथ बरसात हुई जिससे फतेहपुर के बाजार में पानी भर गया। इसी तरह आस पास के क्षेत्र में भी अच्छी बारिश हुई। इस दौरान तेज हवा एवं अंधड़ से शेखावाटी क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक बिजली के खंभे तथा करीब छह दर्जन पेड़ गिर गये। इस दौरान खंभे गिर जाने से बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को गर्मी में परेशानी हुई।

## ई-कचरा और प्लास्टिक कचरे के संबंध में दी गई जानकारियां

**»बेसल, रॉटरडैम और स्टॉकहोम में हुई सभा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** रसायनों और अपशिष्टों के बारे में तीन कन्वेंशनों की संयुक्त बैठक, जो खतरनाक कचरे और उनके निपटान की ट्रांसबाउंड्री गतिविधि नियंत्रण के बेसल कन्वेंशन की सम्मेलन पार्टियों (सीओपी) की चौदहवीं बैठक है, आयोजन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कुछ खतरनाक रसायनों और कीटनाशकों के लिए पूर्व सूचित सहमति प्रक्रिया के बारे में रॉटरडैम अधिवेशन की सीओपी की नौवीं बैठक के साथ किया गया। इसी बैठक के साथ लगातार मौजूद कार्बनिक प्रदूषकों के बारे में स्टॉकहोम कन्वेंशन की सीओपी की नौवीं बैठक का भी इसी के साथ आयोजन किया गया। इस वर्ष की बैठकों का विषय स्वच्छ ग्रह, स्वस्थ लोग, रसायनों और अपशिष्ट का अच्छा का प्रबंधन था।



पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कृषि, रसायन और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे अन्य मंत्रालयों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। इस शिष्टमंडल ने 29 अप्रैल से 10 मई 2019 तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित बैठक में भाग लिया।

बेसल कन्वेंशन में, दो महत्वपूर्ण मुद्दों - ई-कचरा के बारे में तकनीकी दिशा-निर्देश और पीआईसी प्रक्रिया में प्लास्टिक कचरे को शामिल करने के बारे में विचार-विमर्श और निर्णय लिया गया। मसौदा तकनीकी दिशा-निर्देशों में वे शर्तें शामिल की गई हैं, जिनमें प्रयुक्त बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सीधे पुनः उपयोग, मरम्मत, नवीनीकरण या विफल विश्लेषण के लिए गैर-कचरा माना जाना जाए।

भारत की पुनः उपयोग, मरम्मत, नवीनीकरण या विफल विश्लेषण के नाम पर इन प्रावधानों के संबंध में कुछ धारणाएं हैं। भारत सहित दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और कचरे की बढ़ती हुई खपत को देखते हुए विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों में इन अपशिष्टों की डंपिंग करने की संभावना थी।

## डॉक्टर की लापरवाही ने 400 से अधिक लोगों को बनाया एचआईवी का शिकार, बच्चों की संख्या ज्यादा

**कराची ।** उत्तरी पाकिस्तान के गांव उरकाना में डॉक्टर की लापरवाही से 400 से अधिक लोग एचआईवी की चपेट में आ गए जिन्में ज्यादतर बच्चे शामिल हैं। ऐसा इस लिये हुआ क्योंकि डॉक्टर ने पैसे बचाने के चक्कर में दुषित सिरंज का इस्तेमाल किया। इस वजह से गांव के लोग काफी डरे हुए और गुस्से में हैं।

बीते महीने प्रशासन को शहर के बाहरी हिस्से के 18 बच्चों के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद व्यापक स्तर पर जांच हुई और डॉक्टर की करतूत सामने आई।




स्वास्थ्य अधिकारी का कहना है कि 400 से अधिक लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें से अधिकतर बच्चे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में ये संख्या और भी बढ़ सकती है। अधिकारियों का कहना है कि ये घटना स्थानीय बाल रोग चिकित्सकीय की लापरवाही के कारण हुई है।

यहां डॉक्टरों का कहना है कि दर्जनों की संख्या में लोग उनके पास इलाज के लिए आ रहे हैं। उनके इलाज के लिए कर्मियों और उपकरणों की भी कमी है। हैरानी की बात तो ये है कि एक साल के बच्चे भी इस बीमरी की चपेट में आ गए हैं। लोग उस डॉक्टर को काफी भलाबुरा बोल रहे हैं, जिसकी वजह से बच्चों को ये बीमारी हुई है।

यहां रहने वाली इमाम जादी के पोते को एचआईवी हो गया है, जिसके बाद वो अपने घर के सभी बच्चों को जांच के लिए लाई हैं। उनका पूरा परिवार डरा हुआ है। गरीब देश पाकिस्तान में लोग इस बीमारी को लेकर अधिक जागरुक नहीं हैं, साथ ही यहां इसका इलाज भी आसानी से नहीं मिल पाता है।

बता दें कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जहां एचआईवी को लेकर प्रचार प्रसार बहुत कम होता आया है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान एशिया का दूसरा देश है, जहां एचआईवी की दर लगातार बढ़ रही है। 2017 में 20 हजार ऐसे मामले अकेले पाकिस्तान से ही थे।

महंगाई के समय में इस देश के लोग इलाज कराने में भी सक्षम नहीं हैं। यहां गरीबी का स्तर भी बढ़ता जा रहा है।

## हल्दीराम के खाने में मिली 'मरी हुई छिपकली'

**» एफडीए ने बंद किया आउटलेट**



**मुंबई (आरएनएस)।** नागपुर में खाद्य पदार्थों की दिग्गज कंपनी हल्दीराम के एक आउटलेट पर एक व्यक्ति के खाने में कथित तौर पर मरी हुई छिपकली मिली। वड़ा सांभर' में मरी हुई छिपकली की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना मंगलवार सुबह अजानी चौराहा स्थित आउटलेट में हुई। वड़ा सांभर में मिली मृत छिपकली की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। एफडीए (नागपुर) के सहायक आयुक्त मिलिंद देशपांडे ने बताया, 'वर्धा से एक व्यक्ति एवं उसके साथ आई एक महिला ने वड़ा सांभर का ऑर्डर दिया। लेकिन खाते वक्त व्यक्ति को खाने में मरी हुई छिपकली मिली। उन्होंने इसकी जानकारी आउटलेट के सुपरवाइजर को दी जिसने बाद में उसे फेंक दिया।' उन्होंने बताया, 'दोनों को बाद में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को उन्हें छुट्टी दी गई।' हालांकि दोनों ने इस बारे में न मीडिया से बात की और न ही कोई शिकायत दर्ज कराई।

देशपांडे ने कहा, एफडीए को शाम को इस बारे में सूचना दी गयी जिसके बाद हम तत्काल हल्दीराम के आउटलेट पर गये और निरीक्षण किया। हमें रसोई में कुछ गड़बड़ी मिली। रसोई की खिड़की पर जाली नहीं थी।' देशपांडे ने बताया कि एफडीए ने तब तक के लिए उस आउटलेट को बंद कर दिया है जब तक कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमन 2011 का अनुपालन नहीं करते।

## कैलिफोर्निया में क्रैश होकर गोदाम में जा गिरा एफ-16 फाइटर जेट, पायलट सुरक्षित

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में 'मार्च एयर रिजर्व बेस' के एक गोदाम में अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-16 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का चालक हवाई अड्डा में कूद गया है और उसे कोई चोट नहीं आई है, वह सुरक्षित है।

मार्च एयर रिजर्व बेस डिप्टी फायर के प्रमुख टिमोथी हॉलीडे के हवाले से बताया गया कि विमान अपराह्न 3.45 बजे के करीब वेन बुरेन बुलेवार्ड पर बेस के पास बने एक व्यावसायिक इमारत में घुस गया। रिवरसाइड काउंटी शेरिफ डिपार्टमेंट ने ट्विटर पर इस बात की पुष्टि की है कि वैन बुरेन और 215 फ्रीवे के आसपास दुर्घटना हुई है।

पायलट सुरक्षित विमान से बाहर निकल गया और उसकी मेडिकल जांच हो रही है। विभाग ने ट्वीट किया, इलाके में कई एजेंसियों के कर्मचारी चैनात है। कृपया इलाके से दूर रहें। दुर्घटना और पायलट की हालात के बारे में विस्तार से खुलासा नहीं किया गया है। अधिकारियों के पास किसी अन्य के घायल होने के बारे में जानकारी नहीं है।



एयर फोर्स सिविलियन सर्विस के डिप्टी फायर चीफ टिमोथी हॉलिडे ने बताया कि एफ-16 फाइटर जेट के गोदाम में घुसने से कोई घायल नहीं हुआ है। गोदाम के छत में एक बड़ा से छेद हो गया है। एफ-16 फाइटर जेट के कॉकपिट के छत को रनवे पर देखा जा सकता है और पास के मैदान में पैराशूट भी देखा जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि एफ -16 फाइटर जेट को वायु सेना के तहत एक संघीय सैन्य रिजर्व बल, एयर नेशनल गार्ड को सौंपा गया था। घटना की जांच की जा रही है।

## महिला और उसके 3 बच्चों की गला रेतकर हत्या



**अररिया (आरएनएस)।** बिहार के अररिया जिले के बैरगाछी सहायक थाना (ओपी) क्षेत्र में एक महिला और उसके तीन बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या का कारण भूमि विवाद बता रही है। पुलिस के अनुसार, माधोपाड़ा गांव में गुरुवार देर रात एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या गला रेतकर कर दी गई।

पुलिस के अनुसार माधोपाड़ा गांव निवासी आलम रात को घर से बाहर शौच के लिए गया हुआ था। इसी बीच कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उनकी पत्नी तबस्सुम (30), बेटे समीर (4), बेटी आलिया (6) और बेटे शब्बीर (8) की गला रेत कर हत्या कर दी। शोर सुनने के बाद आसपास के लोग जब तक घर पहुंचते तब तक अपराधी कमरे की टूटी हुई खिड़की से भाग निकले।

इस घटना के पीछे जमीन विवाद बताया जा रहा है। आलम का आरोप है कि जमीन विवाद के कारण से हत्या हुई है। हालांकि सिंह मृतका के पति की भूमिका को भी संदिग्ध बता रहे हैं।

पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के पति के बयान के आधार पर बैरगाछी ओपी में हत्या की एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें गांव के ही चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।